## बरसते पानी में शुगर मिल कर्मचारियों का प्रदर्शन





**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** महाकौशल शुगर एंड पॉवर इंडस्ट्रीज लिमिटेड, बचई फैक्ट्री में कार्यरत कर्मचारियों को पिछले कई माह से वेतन नहीं मिलने, ओवरटाइम ना देने , भुगतान नहीं किए जाने तथा शासन द्वारा निर्धारित मजदूरी नहीं दिए जाने के विरोध में कर्मचारियों ने बरसते पानी में प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने प्रशासन से मामले में कार्रवाई कर उनका बकाया वेतन दिलाने की मांग की।

कर्मचारियों ने रैली निकालकर कलेक्टर के नाम डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि फैक्ट्री प्रबंधन, एचआर एवं अन्य उच्च अधिकारी कर्मचारियों का समय पर वेतन का भुगतान नहीं कर रहे हैं। वेतन की मांग करने पर कर्मचारियों को डराने-धमकाने तथा जबरन काम करवाने का भी आरोप लगाया गया। कर्मचारियों ने मांग की कि उनका

### वेतन न मिलने से नाराज कर्मियों ने की कार्रवाई की मांग

बकाया वेतन तत्काल पूरा भुगतान किया जाए तथा शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी के अनुसार वेतन दिया जाए। इसके अलावा ओवरटाइम का नियमानुसार डबल भुगतान करने, सभी कर्मचारियों का बीमा कराने तथा कर्मचारियों के हितों से जुड़े अन्य प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने की मांग की गई। ज्ञापन में कर्मचारियों ने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें पूरे माह के बोनस के स्थान पर केवल आधे माह का बोनस दिया जाता है, जबकि रिकॉर्ड में पूरे माह की एंट्री की जाती है। कर्मचारियों ने बोनस का पूरा भुगतान करने की मांग की। कर्मचारियों ने मांग रखी कि प्रत्येक माह वेतन भुगतान की निश्चित तारीख तय की जाए और उसी तारीख को नियमित रूप से वेतन का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही श्रम विभाग द्वारा फैक्ट्री प्रबंधन की कार्यप्रणाली की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की मांग की गई। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों एवं श्रमिकों ने कहा कि वे लंबे समय से अपनी समस्याओं को लेकर परेशान हैं। उन्होंने प्रशासन से हस्तक्षेप करते हुए कर्मचारियों का शोषण बंद कराने, बकाया वेतन दिलाने और श्रम कानूनों का पालन सुनिश्चित कराने की मांग की।

## गाडरवारा में जन्माष्टमी की तैयारियां जोरो पर, मंदिरों में सजेगा नंदलाल का दरबार, आधी रात होगा कृष्ण जन्मोत्सव

**गाडरवारा, देशबन्धु।** भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर गाडरवारा नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में तैयारियां तेज हो गई हैं। शहर के प्रमुख मंदिरों में विशेष सजावट की जा रही है, वहीं बाजारों में लड्डू गोपाल के वस्त्र, मुकुट, बांसुरी, झूले और पूजन सामग्री की खरीदारी से रौनक बढ़ गई है। इस वर्ष जन्माष्टमी का पर्व 4 सितंबर (शुक्रवार) को मनाया जाएगा, जबकि वैष्णव परंपरा के कुछ मंदिरों में उत्सव 5 सितंबर को भी मनाया जाएगा।



**15 साल बाद बन रहा विशेष संयोग** - इस बार जन्माष्टमी पर लगभग 15 वर्ष बाद अष्टमी तिथि और रोहिणी नक्षत्र का दुर्लभ संयोग बन रहा है। धार्मिक मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म रोहिणी नक्षत्र और मध्यरात्रि में हुआ था, इसलिए इस बार का पर्व विशेष फलदायी माना जा रहा है।

**आधी रात बजेगा जन्मोत्सव का शंख** - मध्यरात्रि में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिरों में लड्डू गोपाल का पंचामृत से अभिषेक, नए वस्त्रों और आभूषणों से श्रृंगार, झूला झुलाने की परंपरा और महाआरती होगी। निशीथ काल की पूजा लगभग रात 12:03 बजे से 12:49 बजे के बीच शुभ मानी गई है।

**शहर के मंदिरों में विशेष आयोजन** - गाडरवारा के श्री राधा-कृष्ण मंदिर, द्वारकाधीश मंदिर, इस्कॉन श्रद्धालुओं के केंद्रों तथा अन्य मंदिरों में भजन-कीर्तन, संकीर्तन, झांकियां और रात्रि जागरण के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कई स्थानों पर भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं पर आधारित झांकियां भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

**बाजारों में बढ़ी रौनक** - जन्माष्टमी से पहले बाजारों में रंग-बिरंगे झूले, मोरपंख, बांसुरी, मुकुट, मटकी, माखन-मिश्री के पात्र और फूलों की सजावट की दुकानों पर भीड़ उमड़ रही है। मिठाई दुकानों पर पेड़ा, माखन-मिश्री और पंचामृत सामग्री की मांग बढ़ गई है।

**व्रत और पूजा की परंपरा** - श्रद्धालु दिनभर उपवास रखकर फलाहार करेंगे और रात में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के बाद पूजा-अर्चना कर व्रत का पारण करेंगे। धार्मिक परंपरा के अनुसार इस दिन सात्विक भोजन, भजन-कीर्तन और दान-पुण्य का विशेष महत्व माना गया है।

**अगले दिन मनेगी दही-हांडी** - जन्माष्टमी के अगले दिन 5 सितंबर को कई स्थानों पर दही-हांडी और नंदोत्सव के आयोजन भी होंगे, जिनमें गोविंदा दल पारंपरिक तरीके से मटकी फोड़कर भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का स्मरण करेंगे।

## सार-समाचार

### जिला स्तरीय शालेय थ्रो बॉल प्रतियोगिता आयोजित

**गाडरवारा, देशबन्धु।** स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 की जिला स्तरीय शालेय थ्रो बॉल प्रतियोगिता का आयोजन गत दिवस शासकीय पीएमश्री कन्या नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गाडरवारा में किया गया। प्रतियोगिता में अंडर-19 आयु वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। जिले के विभिन्न विकासखंडों, चांवरपाठा, साईंखेड़ा सहित अन्य क्षेत्रों से पहुंचे छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया। खिलाड़ियों के बीच हुए मुकाबलों में प्रतिभागियों ने बेहतर तालमेल, अनुशासन और खेल भावना का परिचय देते हुए दमदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बना। प्रतियोगिता के उपरांत खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर संभाग स्तरीय शालेय प्रतियोगिता के लिए छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ियों से आगामी संभाग स्तरीय स्पर्धा में जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई गई। प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में शासकीय कन्या नवीन उमावि के स्टाफ सहित पीटीआई मुकेश पटेल, विक्रम शर्मा, अजय सोनी, आदित्य द्विवेदी, राबिन सिंह, आकाश कौरव, ज्योति धानका एवं वैशाली बिजोरिया सहित निर्णायक मंडल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन के दौरान खिलाड़ियों एवं आयोजकों ने खेलों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया।

**विद्यार्थियों ने किया दमदार प्रदर्शन, संभाग स्तरीय स्पर्धा के लिए हुआ चयन**

### मनाया जाएगा साक्षरता पखवाड़ा उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में 1 सितंबर से 14 सितंबर तक साक्षरता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। भारत सरकार के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के पत्र के अनुपालन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत प्रदेश के समस्त असाक्षरों को शत-प्रतिशत बुनियादी साक्षरता प्रदान करने हेतु उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम वर्ष 2022 से संचालित है। पखवाड़ा के प्रमुख कार्यक्रम में यह कि हम 2 सितंबर को आयोजित कार्यक्रमों के बाद 3-4 सितंबर को 2011 जनगणना के आधार पर असाक्षरों का डोर-टू-डोर चिन्हांकन एवं अक्षर साथियों का पंजीयन। प्रत्येक घर को संपूर्ण साक्षर परिवार का प्रमाण पत्र, 5 सितंबर को शिक्षक दिवस पर सभी के लिए शिक्षा पर छात्र-छात्राओं एवं पालकों को प्रेरित किया जाएगा ,6-7 सितंबर - निर्धारित प्रपत्र में जानकारी एकत्र करना एवं एन आई ई ऐप पर पंजीयन, 8 सितंबर में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस,जिला, विकासखंड, संकुल, ग्राम स्तर पर कार्यक्रम, साक्षरता शपथ, अक्षर साथियों का सम्मान एवं नव-साक्षरों का सम्मान, 9 से 13 सितंबर को प्रचार-प्रसार , दीवार लेखन, रैली, साइकिल रैली, प्रभात फेरी, नुक्कड़ नाटक, चौपाल, जागरूकता कैम्प, साक्षरता गीत, लोकगीत एवं 14 सितंबर को पंच, सरपंच एवं जनप्रतिनिधियों की अध्क्षता में पखवाड़ा का समापन होगा।

### बेसिक मजबूत होगा तो सफलता आसान, डीईओ ने बच्चों से संवाद कर परखा शैक्षणिक स्तर

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल कुशवाहा ने विकासखंड नरसिंहपुर के शासकीय हाई स्कूल चंदन देवी रोसरा एवं शासकीय माध्यमिक शाला मगरधा का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों से सहज संवाद कर उनके शैक्षणिक स्तर, रुचियों और भविष्य के लक्ष्यों की जानकारी ली। मगरधा स्कूल में डीईओ ने कहा कि बच्चों का बेसिक स्तर मजबूत होना सफलता की पहली सीढ़ी है।

## झामर से धमना तक निकली युवा जागरण पदयात्रा

### 100 दिवसीय जनजागरण संकल्प का चौथा सप्ताह पूर्ण

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** माई भारत नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत सहयोग युवा समिति द्वारा युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने और समाज में नशामुक्ति के प्रति जनचेतना बढ़ाने के उद्देश्य से 'युवा जागरण पदयात्रा' का आयोजन किया गया।

समाजसेवी फलित सिंह पटेल के नेतृत्व में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झामर से सीएम राइज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमना तक निकली इस पदयात्रा ने लगभग 11 किलोमीटर की दूरी तय की उल्लेखनीय है कि फलित सिंह पटेल ने युवाओं को नशे के विरुद्ध जागरूक करने और उन्हें इस सामाजिक अभियान से जोड़ने के लिए 100 दिवसीय जनजागरण का संकल्प लिया है।

युवा जागरण पदयात्रा के आयोजन के साथ इस संकल्प का चौथा सप्ताह सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ अभियान के पिछले तीन सप्ताहों में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों और विद्यालयों में पहुंचकर छात्र-छात्राओं एवं युवाओं से लगातार संवाद किया गया। उन्हें तंबाकू, शराब एवं अन्य नशों से होने वाले शारीरिक, मानसिक, पारिवारिक और सामाजिक दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते हुए स्वयं नशा न करने तथा अपने परिवार, मित्रों और समाज के अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई इसी जनजागरण को विद्यालयों से आगे गांव और आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से झामर से धमना तक युवा जागरण



पदयात्रा निकाली गई। हाथों में नशामुक्ति एवं युवा जागरण के संदेश वाली तख्तियां लेकर प्रतिभागियों ने युवा जागेगा नशा भागेगा, नशे को ना जीवन को हां और नशामुक्त युवा सशक्त भारत जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया करीब 11 किलोमीटर के मार्ग में आने वाले गांवों, बस्तियों और शिक्षण संस्थानों में ग्रामीणों एवं युवाओं से सीधा संवाद किया गया।

लोगों को नशे के कारण व्यक्ति के साथ परिवार और समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की शपथ दिलाई गई। फलित सिंह पटेल ने युवाओं से स्वयं नशे से दूर रहने के साथ अपने मित्रों और आसपास के लोगों को भी जागरूक करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि युवा स्वयं नशामुक्ति का संकल्प लेकर समाज को जागरूक करने की जिम्मेदारी संभालें, तभी नशामुक्त और सशक्त समाज का निर्माण संभव होगा सहयोग युवा समिति ने बताया कि 100 दिवसीय संकल्प के आगामी सप्ताहों में भी विद्यालयों, गांवों और सार्वजनिक स्थानों पर संवाद, युवा सहभागिता एवं विभिन्न जनजागरण गतिविधियां लगातार जारी रहेंगी ।

## टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित हुआ कार्यक्रम

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एन.सी.सी. इकाई द्वारा कमांडिग आफीसर कर्नल नितिन शर्मा एवं प्रशासनिक अधिकारी कर्नल समीर बोडास के मार्गदर्शन एवं प्राचार्य डॉ. आर.बी.सिंह के निर्देशन में जिला चिकित्सालय के क्षय अधिकारी एवं एडस नियंत्रण अधिकारी डॉ. देवेन्द्र रिपुदमन सिंह टी.बी. मुक्त भारत अभियान 2026 भारत सरकार द्वारा देश से क्षय रोग (टी.बी.) को पूरी तरह समाप्त करने के लिए शुरू किया गया । व्यापक राष्ट्रीय जन स्वास्थ्य मिशन है 100 दिवसीय अभियान के तहत टी.बी. मामलों का तेजी से पता लगाने और उपचार के लिए मिशन मोड में विशेष स्क्रीनिंग अभियान चलाया जा रहा है । इस हेतु एन.सी.सी. अधिकारी कैप्टेन डॉ. राजेश कुमार ठाकुर द्वारा एन.सी.सी. कैडेट को घर-घर जाकर इस तरह के लोगों की पहचान की जानी चाहिए एवं गांव और आस-पास के लोगों को मुख्य लक्षणों से



अवगत कराना जैसे दो सप्ताह से ज्यादा लगातार खांसी हल्का बुखार, रात में पसीना आना और तेजी से वजन कम होना, भूख कम लगना, अत्यधिक कमजोरी-थकान आदि लक्षण होने पर तुरंत पास के स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर जांच कराने एवं डॉक्टर द्वारा दी जा रही सलाह का पालन करें । निक्षय मित्र की पहल प्रारंभ की गयी जिसके तहत समुदाय के लोग संगठन एवं जन प्रतिनिधि टी.बी. मरीजों को जांच एवं आजीविका में मदद करेगें । इस अभियान में सीनियर अंडर अफसर राधेश्याम इनवाती, मोहित सेन, गोमती ठाकुर एवं सभी एन.सी.सी. कैडेट्स की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

## दिनभर झमाझम बरसे बादल, अगले तीन दिन भी जारी रहेगी बारिश

**गाडरवारा, देशबन्धु।** बुधवार को गाडरवारा में सुबह से शुरू हुई बारिश का सिलसिला दिनभर जारी रहा। घने बादलों के बीच रुक-रुककर हुई मध्यम से तेज बारिश से मौसम पूरी तरह सुहावना हो गया। लगातार बरसात के कारण कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति भी बनी, वहीं तापमान में गिरावट आने से लोगों को उमस से राहत मिली।



मौसम विभाग के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार अगले तीन दिनों तक भी राहत मिलने के आसार नहीं हैं। गुरुवार (3 सितंबर) को पूरे दिन घने बादल छाए रहने के साथ मध्यम बारिश और गरज-चमक की संभावना है। शुक्रवार (4 सितंबर) को भी तेज बारिश के दौर चल सकते हैं, जबकि शनिवार (5 सितंबर) को भी वर्षा का सिलसिला जारी रहने की संभावना है। इन दिनों अधिकतम तापमान 24 से 26 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22 से 23 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने लोगों से बिजली चमकने के दौरान खुले स्थानों से दूर रहने और निचले इलाकों में सावधानी बरतने की सलाह दी है। किसानों को भी खेतों में जल निकासी की व्यवस्था बनाए रखने की हिदायत दी गई है।

## बालरंग स्पर्धा में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा, विभिन्न विधाओं में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिला शिक्षा अधिकारी नरसिंहपुर डॉ. अनिल कुशवाहा के मार्गदर्शन एवं संस्था प्राचार्य राजीव किशोर श्रीवास्तव के नेतृत्व में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, नरसिंहपुर में बालरंग प्रतियोगिता-2026 अंतर्गत विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नरसिंहपुर विकासखंड के दो विद्यालयों ने सहभागिता की। विभिन्न विधाओं में छात्र-छात्राओं ने अपनी कला, प्रतिभा एवं कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उपस्थित अतिथियों एवं निर्णायकों को प्रभावित किया। प्रतियोगिता में स्वरचित काव्य पाठ में शालिनी ठाकुर (शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर), पाठ्य पुस्तक काव्य पाठ में रेखा गोस्वामी (सांदीपनि विद्यालय नरसिंहपुर), सुगम संगीत में मयंक श्रीवास्तव (शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर), वादन-तबला में नमन पटेल (शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर), लोकगीत में श्रेया पटवा एवं समूह (शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर) ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसी क्रम में लोक नृत्य वरिष्ठ वर्ग में लक्ष्मी राय एवं समूह तथा कनिष्ठ वर्ग में अवनी सोनी एवं समूह (दोनों सांदीपनि विद्यालय नरसिंहपुर) ने शानदार प्रस्तुति दी। कव्वाली कनिष्ठ वर्ग में स्तुति, छवि एवं समूह (सांदीपनि विद्यालय नरसिंहपुर) तथा वरिष्ठ वर्ग में नैन्सी सेन एवं समूह (शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। निशक्तजन प्रतियोगिता के अंतर्गत चित्रकला में दर्शिका पटेल (सांदीपनि विद्यालय नरसिंहपुर) ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

**निर्णायकों ने किया प्रतिभाओं का मूल्यांकन** - विकासखंड स्तरीय बालरंग प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि एवं निर्णायक के रूप में बी.एन. पांडे, व्याख्याता, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा के.पी. यादव, जिला सांस्कृतिक प्रभारी, सामाजिक न्याय विभाग, नरसिंहपुर ने सहभागिता करते हुए विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रमेश कुमार कौरव, उच्च माध्यमिक शिक्षक द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के सफल एवं विधिवत संचालन में प्रीती पाराशर, गुलशाना उस्मानी, शिवानी चौरसिया, मीना श्रीवास्तव, साक्षी तिवारी, कु. भारती यादव एवं पुष्पा दुबे सहित विद्यालयीन स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।


### नाम सुधार सूचना

**मैं शपथकर्ता रेखा सिह लोधी पति दीपेन्द्र सिह लोधी सगरी पोस्ट बीतली तहसील करेली जिला नरसिहपुर का निवासी हूं। मेरे पुत्र प्रथम सिंह लोधी कक्षा 10वीं का छात्र है। मेरे पुत्र के स्कूल रिकार्ड में माता का नाम राजमणी सिंह दर्ज हो गया है जो गलत है। शपथकर्ता के आधार कार्ड एवं पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र मुझ शपथकर्ता का सही नाम रेखा सिंह लोधी दर्ज है जो सही है। पुत्र के स्कूल रिकार्ड में अपना का नाम राजमणी लोधी के स्थान पर रेखा सिंह लोधी दर्ज करवाना चाहती हूं। अपने पुत्र के स्कूल रिकार्ड में अपना नाम सुधार बाबत शपथपत्र संबंधित शाला में प्रस्तुत कर रही हूं।**

**रेखा सिह लोधी**


## जन्माष्टमी पर भजनों की प्रस्तुति देगा महिला कलाकारों का प्रसिद्ध जानकी बैंड

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** श्रीकृष्ण पाथेय न्यास द्वारा जन्माष्टमी पर प्रदेश के विभिन्न शहरों के प्रमुख मंदिरों में 'श्रीकृष्ण पर्व' का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में नरसिंहपुर में श्रीकृष्ण पर्व का आयोजन श्री देव राधावल्लभ मंदिर, नरसिंह परिसर में 4 सितंबर को रात्रि 8 बजे से किया जाएगा। आयोजन में जिलेवासियों के लिए विशेष आकर्षण देशभर में अपनी प्रस्तुतियों के लिए प्रसिद्ध जानकी बैंड, जबलपुर होगा। बैंड द्वारा



भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति से ओतप्रोत भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी। इस बैंड की विशेषता यह है कि इसमें सभी कलाकार महिलाएं हैं। गायन से लेकर वादन तक की प्रस्तुतियां महिला कलाकारों द्वारा ही दी जाती हैं। जानकी बैंड देश के अनेक प्रतिष्ठित मंचों पर अपनी प्रस्तुतियां दे चुका है। जन्माष्टमी के अवसर पर होने वाली यह सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक संध्या नगरवासियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। श्रीकृष्ण पाथेय न्यास ने नगर के सभी धर्मानुरागी नागरिकों से आयोजन में उपस्थित होने की अपील की है। न्यास ने कहा कि सभी श्रद्धालु इस भक्ति एवं सांस्कृतिक संध्या में सम्मिलित होकर भक्ति रस की गंगा में सराबोर हों और भगवान बालकृष्ण के जन्मोत्सव का आनंद लें।


## मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

